# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा

"ए" ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर–302005

क्रमांक : अबनि/निकोले/ ASLAAS-5 कार्ड्स/2019/ 9985-1026 दिनांक : 6/2/2020

**समस्त जिला कोषाधिकारी,**
**(अल्प बचत)।**

विषय :– गत 3 वर्षों में जिलेवार नियुक्त किए गए SAS व MPKBY अभिकर्ताओं की सूची बाबत्।
संदर्भ :– राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक 940 दिनांक 26.11.2019 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य के सभी जिला (अल्प बचत) कोषालयों में संचालित अल्प बचत योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु निदेशालय कोष एवं लेखा द्वारा राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली को महिला प्रधान कार्ड्स, SAS फार्मस् अभिकर्ता नियुक्ति पत्र आदि सामग्री उपलब्ध कराने हेतु सतत् आग्रह किया जा रहा है। राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली ने मांग के सटीक आकलन के लिए सभी जिला कोष कार्यालयों (अल्प बचत), राजस्थान से तत्संबंधी सूचना चाही है।

अतः गत 3 वर्षों में नियुक्त SAS तथा MPKBY अभिकर्ताओंकी जिलेवार सूची तथा जिलेवार कुल अभिकर्ताओं की सूची 07 दिवस में निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार**

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांक : अबनि/निकोले/ ASLAAS-5 कार्ड्स/2019/ 9985-1026 दिनांक : 6/2/2020

**प्रतिलिपि :–** उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

उप निदेशक

परि 30192245
रसाउण पत्र – IV

# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा

"ए" ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर–302005

क्रमांक : अबनि/निकोले/ ASLAAS-5 कार्ड्स/2019/9977 दिनांक : 10/1/2020

संयुक्त निदेशक एवं विभागाध्यक्ष,
राष्ट्रीय बचत संस्थान,
आई.सी.सी.डब्लयू. बिल्डिंग,
4, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली–2

**विषय** :– महिला प्रधान अभिकर्ताओं को अल्प बचत एजेन्सी जारी करने के लिए महिला प्रधान कार्ड्स, अभिकर्ता नियुक्ति अधिकार पत्रों एवं SAS फॉर्मस व अल्प बचत एजेन्सी रजिस्टर की आपूर्ति चाहे जाने बाबत्।

**संदर्भ** :– अबनि/निकोले/ASLAAS कार्ड्स/2019/9810 दिनांक 10.07.2019 एवं 9880 दिनांक 04.09.2019, 9921 दिनांक 07.11.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि महिला प्रधान कार्ड्स, AAS-5 अभिकर्ता अधिकार नियुक्ति पत्र, SAS फॉर्मस एवं अल्प बचत एजेन्सी रजिस्टर की आपूर्ति हेतु निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर द्वारा पत्रांक 9810 दिनांक 10.07.2019 एवं 9880 दिनांक 04.09.2019 एवं 9921 दिनांक 17.11.2019 में आपूर्ति हेतु निवेदन किया गया था जिसमें से 1 लाख ASLAAS कार्ड्स एवं 1000 SAS फॉर्मस् की आपूर्ति दिनांक 25.09.2019 को निदेशालय कोष एवं लेखा में की गई जिनकी आपूर्ति राज्य के जिला (अल्प बचत) कोष कार्यालयों में की जा चुकी है।

राज्य के सभी कोष कार्यालयों में अल्प बचत एजन्सी जारी रखने का रजिस्टर, अभिकर्ताओं के अधिकार नियुक्ति पत्र, SAS फार्मस की लगातार मांग की जा रही है जिनके अभाव में जिला कोष कार्यालयों द्वारा संचालित अल्प बचत योजनाऐं प्रभावित हो रही है। नियुक्ति प्रपत्रो के अभाव में नए अभिकर्ताओं को नई एजेन्सी जारी करने का कार्य व्याधित हो रहा है जिससे अल्प बचत अभिकर्ताओं के जीविकोपार्जन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

उक्त सभी समस्याओं व अल्प बचत अभिकर्ताओं द्वारा निवेश योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन व संचालन हेतु जिला कोष कार्यालयों की मांग की पूर्ति हेतु अतिशीघ्र निम्न सामग्री उपलब्ध कराने का श्रम करावें।

1. 2,00,000 महिला प्रधान ASLAAS कार्ड्स
2. 100 अल्प बचत एजेन्सी रजिस्टर
3. 2000 SAS फॉर्मस
4. 4000 अल्प बचत अभिकर्ता अधिकार नियुक्ति पत्र AAS-5

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देकर उक्त सामग्री यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का श्रम करावें।

O/C भवदीय,

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

D:/Office Work/Krishn Kumar ji/Letter/mail Id - ss-dta@rajasthan.gov.in

19268082

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA, MINISTRY OF FINANCE
राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

सूचना का अधिकार

आई.सी.सी.डब्लयू. बिल्डिंग, 4,दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली–2
ICCW Building, 4, Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi- 2

Mail : nsi@nsiindia.gov.in
http// : www.nsiindia.gov.in

FAX – 011 23231627
Tel : 011 23237153/23237154

No. 940 /ICM/SAS-MPKBY/Agency forms

Dated:- 26/11/19

निदेशक
निदेशालय कोष एवं लेखा
राजस्थान सरकार
ए ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर
जनपथ, **जयपुर**-302005

विषय : **AAS-5, ASLAAS-4, ASLAAS-5** के आपूर्ति के क्रम मे।

महोदय,

कुपया उपरोक्त विषय पर आपके पत्र संख्या 9921 दिनांक 7.11.2019 का संदर्भ लेने का कष्ट करे।

उपरोक्त विषयांतर्गत आपसे अनुरोध है की इस कार्यालय को राजस्थान के जिलावर अभिकर्ताओकी सूचि तथा गत तीन वर्ष मे जिलावर नियुक्त क़िए गए **SAS** व **MPKBY** अभिकर्ताओकी सूचि (date wise) प्रेषित करने का कृपा करे ताकि उपरोक्त मांग का आकलन किया जा सके।

भवदीय

संयुक्त निदेशक एवं विभागाधक्ष्य

4/12/19